**Patrika (Indore), 5th September 2025, Page- 17**


**एनआइआरएफ रैंकिंग जारी** | **आइआइटी इंदौर ने लगाई चार पायदान की छलांग, देअविवि 49वें स्थान पर रहा**

# आइआइटी मद्रास देश का टॉप संस्थान, आइआइएम इंदौर टॉप-10 में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से गुरुवार को एनआइआरएफ (राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क) रैंकिंग, 2025 जारी की गई। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की ओर से जारी रैंकिंग मे ओवरऑल श्रेणी में एक बार फिर आइआइटी मद्रास टॉप पर रहा। 2024 में भी शीर्ष पर था। इसके बाद इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलूरु दूसरे व आइआइटी बॉम्बे तीसरे स्थान पर रहा। वहीं शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में आइआइएम, अहमदाबाद शीर्ष पर रहा। शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में आइआइटी मद्रास व मेडिकल कॉलेजों में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स), दिल्ली सबसे आगे रहा। इस बार 17 श्रेणी में सर्वोच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग जारी की गई। इनमें यूनिवर्सिटी, कॉलेज, रिसर्च इंस्टीट्यूट, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, मेडिकल जैसी कई कैटेगरी हैं। रैंकिंग में इस बार देश के 14163 उच्च शिक्षण संस्थानों ने हिस्सा लिया। इनमें सबसे अधिक 5268 संस्थान दक्षिण के थे। वहीं इनमें पश्चिम भारत के 4702 संस्थान, उत्तर भारत के 2304 संस्थान और पूर्वी भारत के 1889 संस्थान शामिल थे।

## किन मानदंडों से तय होती है रैंकिंग




## ओवरऑल टॉप 10

| रैंक | संस्थान |
|---|---|
| 1 | आइआइटी, मद्रास |
| 2 | आइआइएससी, बेंगलूरु |
| 3 | आइआइटी, बॉम्बे |
| 4 | आइआइटी, दिल्ली |
| 5 | आइआइटी, कानपुर |
| 6 | आइआइटी, खड़गपुर |
| 7 | आइआइटी, रुड़की |
| 8 | एम्स, दिल्ली |
| 9 | जेएनयू, नई दिल्ली |
| 10 | बीएचयू, वाराणसी |

## शीर्ष प्रबंधन संस्थान

| रैंक | संस्थान |
|---|---|
| 1 | आइआइएम, अहमदाबाद |
| 2 | आइआइएम, बेंगलूरु |
| 3 | आइआइएम, कोझिकोड |
| 4 | आइआइटी, दिल्ली |
| 5 | आइआइएम, लखनऊ |
| 6 | आइआइएम, मुंबई |
| 7 | आइआइएम, कलकत्ता |
| **8** | **आइआइएम, इंदौर** |
| 9 | एमडीआइ, गुरुग्राम |
| 10 | एक्सएलआरआइ, जमशेदपुर |

*किस श्रेणी में कौनसा संस्थान अव्वल@अंतिम पेज*

## आइआइटी इंदौर 66.65 अंकों के साथ 12वां

**इंदौर.** रैंकिंग फ्रेमवर्क-2025 (एनआइआरएफ) में इंदौर के तीन प्रमुख संस्थानों, आइआइटी इंदौर, आइआइएम इंदौर और देवी अहिल्या विवि ने उपस्थिति दर्ज कराई है। आइआइटी इंदौर की 2024 में जहां रैंक 16वीं थी, 2025 में 66.65 अंकों के साथ यह 12वें स्थान पर आ गया। आइआइएम इंदौर को इस साल 75.68 अंक मिले, जो 2024 की तुलना में 2.15 अंकों की बढ़ोतरी है। देवी अहिल्या विवि ने दूसरी बार राज्य सरकारी विवि श्रेणी में जगह बनाई है। 50.41 अंक के साथ 49वें स्थान पर रहा।